निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने सड़क डामरीकरण का किया निरीक्षण

भिलाईनगर/ निगम आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे ने आज वार्ड 27 घासीदास नगर क्षेत्र में सड़क डामरीकरण का निरीक्षण किया। 91.39 लाख की लागत से लगभग 3 किलोमीटर सड़क डामरीकरण का कार्य अभिजीत नाहटा के द्वारा किया जा रहा है। 1.56 किलोमीटर डामरीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है और भी अन्य स्थानों पर डामरीकरण का कार्य किया जाना है। एजेन्सी ने फरवरी - मार्च में डामरीकरण का कार्य प्रारंभ किया था , बारिश के पूर्व मई-जून के महीने में कार्य की रफतार बढ़ी और सड़क का डामरीकरण होने लगा। पहले यह सड़क बहुत जर्जर अवस्था में थी , डामरीकरण होने से लगभग 3000 लोगो को इससे राहत मिली है। घासीदास नगर का मुख्य बाजार भी इस सड़क के जद में आता है , यहां से सड़क प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग में जाकर मिलती है। रहवासी एवं राहगीर लोगों को आवागमन में और रोड कनेक्टिविटी की बेहतर सुविधा का लाभ मिलेगा। वहीं आई.एच.एस.डी.पी. आवास , अटल आवास एवं जामुल थाना के पास की सड़को का डामरीकरण किया गया है।

डामरीकरण के बाद भी सड़क की स्थिति खराब , आयुक्त ने भुगतान रोकने के दिये निर्देश - आयुक्त प्रकाश सर्वे ने पूरे सड़क डामरीकरण का निरीक्षण किया। इस दौरान जामुल थाना के समीप एवं कुछ स्थानो पर डामरीकरण की स्थिति ठीक नहीं थी, निगम आयुक्त ने इस पर एजेन्सी के भुगतान रोकने के निर्देश वैशाली नगर जोन के प्रभारी कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता को दिये है और सड़क की स्थिति शीघ्र सुधारने कहा है। सड़क डामरीकरण की स्थिति कई स्थानो पर खराब होने के कारण निगम ने एजेन्सी को नोटिस जारी किया है। उप अभियंता निकहट सबरीन ने बताया कि एजेन्सी को दो बार नोटिस जारी किया गया है। जहां भी सड़क के डामरीकरण के पश्चात् खामी है वहां पुनः एजेन्सी से डामरीकरण कराया जायेगा। एजेन्सी की 10 प्रतिशत की राशि भी रोकी गई है। अभियंता ने आगे बताया कि बारिश के तुरंत पूर्व एजेन्सी ने काम किया है , इसलिये कुछ स्थानो पर डामरीकरण की स्थिति ठीक नहीं है, जिसमें सुधार करने एजेंसी को तलब किया जाएगा। मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने वार्ड क्रमांक 27 घासीदास नगर के फौजी नगर में आयोजित मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हितग्राहियों से फीडबैक लिए और दवाई की उपलब्धता , मेडिकल स्टॉफ की सही समय पर उपस्थिति इत्यादि की जानकारी उन्होंने प्राप्त की।